दिनांक 21.07.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भारत सरकार शहरी विकास मंत्रालय के सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र ने अमृत मिशन योजना के कार्यों को लेकर निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान सराहना करते हुए बधाई दी

भिलाईनगर/ भारत सरकार शहरी विकास मंत्रालय के सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र ने आज अमृत मिशन योजना के अंतर्गत भिलाई जलप्रदाय योजना फेस–02 में निर्माणाधीन 66 एमएलडी प्लांट एवं प्रियदर्शनीय परिसर सुपेला में दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन ''शहरी पथ विक्रेता को सहायता अंतर्गत वेन्डिंग जोन एवं बाजार विकास'' का निरीक्षण करने पहुंचे निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान से हो रहे कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की निरीक्षण के दौरान छ0ग0 शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास के सचिव श्री रोहित यादव, नगरीय निकाय के संचालक श्री निरंजन दास, दुर्ग कलेक्टर श्री उमेश कुमार अग्रवाल, श्री आर0के0 नारंग, निगम अधीक्षण अभियंता श्री सत्येन्द्र सिंह, सहित निगम के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। भारत सरकार शहरी विकास मंत्रालय के सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र ने हो रहे निर्माण कार्यों की प्रगति को लेकर संतोष व्यक्त करते हुए दुर्ग कलेक्टर एवं निगम आयुक्त को बधाई दी।

नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने निगम क्षेत्र के अंतर्गत अमृत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, गौरव पथ निर्माण, सेग्रिगेशन प्लांट, आंगनबाड़ी

जनसम्पर्क अधिकारी